कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, हनुमानगढ़

अपील संख्याः–08/2019 सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत

श्री दलीप सिंह पुत्र श्री मंगलसिंह जाति सिकलीगर निवासी वार्ड नं0 6, श्याम नगर पुरानी आबादी गुरूनगर, श्रीगगानगर।

––अपीलार्थी

**बनाम**

नायब तहसीलदार तलवाडा झील

––प्रत्यार्थी

आदेश दिनांकः–04.04.2019

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत नायब तहसीलदार, तलवाडा झील के सम्बन्ध में प्राप्त हुई।

अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यो के अनुसार अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रत्यार्थी से सूचना चाही गई। प्रत्यार्थी द्वारा मिथ्या तथ्यो पर अधूरी सूचना दी गई है। अपीलार्थी द्वारा प्रत्यार्थी से सूचना दिलवाने हेतु यह अपील की गई।

पत्रावली का अवलोकन किया। अपीलार्थी द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 9.1.2019 द्वारा नायब तहसीलदार, तलवाड़ा झील से दो बिन्दुओ पर सूचना चाही गई। नायब तहसीलदार (भू0अ0) तलवाड़ा झील (टिब्बी) से अपील में कोई जबाव प्राप्त नही हुआ है। अपीलार्थी के अपील के साथ सलग्न नायब तहसीलदार (भू0अ0) तलवाड़ा झील (टिब्बी) के पत्र कमांक 202 दिनांक 15.02.2019 की प्रति का अवलोकन करने पर दोनो बिन्दुओ के संबंध में अपीलार्थी को सूचना/सूचित किया जाना पाया गया। बिन्दु संख्या 1 के संबंध में अपीलार्थी को यह सूचना दिया जाना पाया गया है कि जमाबन्दी व इन्तकाल रजिस्टर से संबंधित अभिलेख/रिकार्ड मौजूद नही होने पर प्रति उपलब्ध करवाई जानी संभव नही है। नायब तहसीलदार (भू0अ0) तलवाडा झील (टिब्बी) को निर्देश दिये जाते है कि अपीलार्थी के आवेदन पत्र में अंकित बिन्दु संख्या 1 से संबंधित अभिलेख/रिकार्ड को शीध्र तलाश करवा कर सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सूचना नियमानुसार आदेश प्राप्ति के पश्चात एक माह के अन्दर–अन्दर अपीलार्थी को उपलब्ध करवाये। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ